53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.0 °c | अधिकतम 22.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:04 सूर्यास्त-6:02 | वर्ष : 53/ अंक : 38 | शनिवार, 08 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

मुश्किलें हमेशा मजबूत इंसान के हिस्से में आती हैं, क्योंकि भगवान जानता है कि वही उन्हें संभाल सकता है।

महाकुंभ की कोई परिभाषा नहीं है। जमाना मार्केटिंग का है, किसी ने 144 साल का प्रमाण तक नहीं मांगा : अखिलेश यादव

तो आप मांग लीजिये..... आपको किसने रोका है?.....

फूड प्वाइजनिंग से दो दर्जन से अधिक लोगों की हालत बिगड़ी

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर शहर से सटे बुढ़ाना मोड के निकट स्थित मीरापुर गांव में देर शाम विवाह समारोह के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों की हालत बिगड़ गयी। दरअसल मीरापुर गांव में आज पवनपाल पुत्र नत्थन सिंह के यहां बारात आई थी। यह बारात कादरगढ़ खेड़ी से मीरापुर पहुंची थी और पवन पाल की पुत्री के विवाह समारोह में पहुंचे लोगों की एकाएक खाना खाने के बाद हालत बिगड़ने लगी। हालात ऐसे उत्पन्न हो गए कि 21 लोगों को जिला चिकित्सालय उपचार हेतु लाया गया।

शुरूआती दो घंटों में जिला चिकित्सालय में लगभग 21 लोग ही बीमार हालत में आए, जो फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए थे मगर इसके बाद देर रात तक इनकी संख्या और बढ़ती चली गयी। गांव में अफरा-तफरी का माहौल मच गया और पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और फूड प्वाइजनिंग का शिकार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद की मगर देर रात ग्रामीणों ने मांग की कि खाद्य विभाग द्वारा उक्त मामले की जांच की जाये कि उक्त खाना किस तरह से बनाया गया है और खाने में किस कारण से कमी आई है। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल में मरीजों के पहुंचने का क्रम जारी था। फूड प्वाइजनिंग का शिकार लोगों में सविंदर पुत्र ओंकार मखियाली, अंकित पुत्र विनोद, सुदेशना पत्नी संतराम, शिवानी पुत्री संतराम, सतेंद्र पुत्र शेर सिंह रामपुरी, मनीषा पुत्री विनोद, साधुराम पुत्र खेड़ू, नीतीश पुत्र किरत, श्याम रामपुरी, महेशपाल रामपुरी, नीलम आनंदपुरी, पुष्पेंद्र रामपुरी, रिशु रामपुरी, सुरेंद्र आनंदपुरी, राजपाल बोपाड़ा, रमेश वैष्णवी आनंदपुरी, पिंकी देवी, छवि, धनी, सुकरम पाल, विशु पुत्र पुष्पेंद्र, गुरमीज, स्नेह आदि शामिल रहे। देर रात जिला चिकित्सालय से कुछ लोग प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के लिए चले गए इसके बावजूद भी दर्जनों लोग जिला चिकित्सालय में भर्ती थे।

शादी के बंधन में बंधे जीत अदाणी-दिवा शाह; गौतम अदाणी ने 10000 करोड़ रुपये दान कर लिया ये संकल्प

नई दिल्ली, 07 फरवरी (एजेंसी)। देश के प्रमुख उद्योगपति और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के छोटे बेटे जीत अदाणी और दिवा शाह की शादी बेहद ही साधारण और पारंपरिक समारोह में अहमदाबाद में हुई। उद्योगपति गौतम अदाणी ने विवाह समारोह की कुछ तस्वीरें साझा कर दोनों को आशीर्वाद दिया है। जीत अदाणी और दिवा शाह की सगाई 14 मार्च, 2023 को एक समारोह में हुई, जिसमें उनके करीबी दोस्त और पारिवारिक मित्र शामिल हुए थे। बेटे जीत की शादी में गौतम अडानी ने सामाजिक कार्यों के लिए 10,000 करोड़ रुपये दान करके 'सेवा' करने का संकल्प भी लिया। बता दें कि इस दान का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रयोग किया जाएगा। वहीं, बेटे जीत की शादी में गौतम अडानी ने सामाजिक कार्यों के लिए 10,000 करोड़ रुपये दान कर-के 'सेवा' करने का संकल्प भी लिया। बता दें कि इस दान का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रयोग किया जाएगा।

कौशल भारत कार्यक्रम के लिए 8800 करोड़ की मंजूरी

नई दिल्ली, 07 फरवरी (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी। इसमें कौशल भारत कार्यक्रम के लिए 8,800 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यकाल को तीन साल के लिए बढ़ाया गया है। वहीं दक्षिण तटीय रेलवे जोन के विकास के लिए बड़ा फैसला लिया गया। वहीं सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट ने नए आयकर बिल को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए 8,800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2026 तक कौशल भारत कार्यक्रम (एसआईपी) को जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दी।

मुरादाबाद: तेज रफ्तार कार ने रौंदा पांच छात्राओं को, तीन की हालत गंभीर

मुरादाबाद, 07 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में रईसजादे की तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित कार ने शुक्रवार को पांच छात्राओं को कुचल दिया। घायल छात्राओं को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक (अपराध)ने आज बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा विहार इलाके में आज़ लगभग 12 बजे नीले रंग की अनियंत्रित एक बलेनो कार रास्ते में जा रहीं स्कूली छात्राओं के ऊपर जा चढ़ी। कार की चपेट में आने से घायल पांच छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद भीड़ ने जैसे-तैसे घटना के दौरान कार चला रहे शगुन (19) को पकड़ लिया और घटना की सूचना थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया तथा कार चालक शगुन को हिरासत में लेकर यूपी 27 ए एस 2525 नंबर की कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया है कि आरोपी कार चालक नाबालिग है और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है। सभी घायल छात्राएं शिर्डी साई स्कूल में 12 वीं क्लास में पढ़ती हैं। हादसे के दौरान शानवी भंडूला , ऋषिका रस्तोगी, इशिका सुनेजा, परी बंसल, अदिति अग्रवाल तथा पर्ल टंडन आदि छात्राएं स्कूल से घर वापस जा रही थीं। जिसमें से पांच छात्राओं का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरी ओर घायल छात्रा के पिता विनीत टंडन का कहना है कि शिर्डी साई स्कूल का लास्ट डे होने की वज़ह से बोर्ड परीक्षा के लिए आईकार्ड लेने के लिए छात्राएं आज़ स्कूल पहुंची थीं।

मोती झील पर लगा होर्डिंग देश के प्रधानमन्त्री का कर रहा अपमान, साफ दिख रही विभागों की लापरवाही की दास्तान

मुजफ्फरनगर, 7 फरवरी (बु.)। जब प्रधानमंत्री के कामों की सुध लेने की फुर्सत ही लोनिवि व उ.प्र. राज्य सेतु निगम के पास ही नहीं तो आम आदमी की सुध लेने की क्या चिंता होगी? आठ महीने पहले देश में केन्द्र सरकार के चुनाव हो चुके हैं। चुनाव के दौरान अपने ही मुजफ्फरनगर के मोती झील के निकट एक होर्डिंग लगा हुआ है, जो भी इस होर्डिंग को देखकर गुजरता है, वह यही कहता हुआ जाता है कि देश के प्रधानमंत्री के फोटो पर काटा क्यों लगा हुआ है? शायद विभागों के पास 3000 रुपये का फ्लेक्स बनवाने की फुर्सत ही नहीं है। उक्त होर्डिंग शहीद प्रशान्त शर्मा सेतु के नाम से पानीपत-खटीमा मार्ग पर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को छोड़कर सभी को दिखाई देता है। अफसोस की बात यह है कि यदि इस होर्डिंग के लगे हुए केन्द्र सरकार के सांसदी चुनाव के एक डेढ़ माह हुए होते तो भारत सरकार के कर्मठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पास एक बहाना जरूर होता कि अभी समय ही कितना हुआ है, मगर अब आठ माह का समय इस होर्डिंग को लगे हुए हो गए हैं और देश के प्रधानमंत्री का चेहरा ढका हुआ यह होर्डिंग, जिस पर काटा भी लगा हुआ है आखिर किस बात का इंतजार कर रहा है। इसी सेतु पर ऐसी लापरवाही पहले भी हो चुकी है, तब टूटा हुआ होर्डिंग कई दिनों तक साइड में पड़ा रहा था और इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। उस दौरान भी बुलेटिन द्वारा कर्मठ अधिकारियों को जगाने का काम किया गया था तब एक ही दिन में उक्त होर्डिंग ठीक होकर लग गया था। अब देखना यह होगा कि अब लोक निर्माण विभाग व उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के अधिकारी कब तक यहां नया होर्डिंग लगवाने की कृपा करेंगें, फिलहाल यह होर्डिंग देश के प्रधानमंत्री का अपमान करता दिख रहा है और आते-जाते लोग इस पर तरह-तरह की टिप्पणी करते दिखाई देते हैं।

अधिकारियों की बात के साथ-साथ खुद भाजपाइयों ने भी नहीं लिया संज्ञान

मुजफ्फरनगर। अधिकारी तो जैसे-कैसे हैं, यह आठ माह से खड़ा होर्डिंग अपने आप ही अधिकारियों की लापरवाही की दास्ता साफ बयां कर रहा है, मगर इससे भी बड़ी बात यह है कि भाजपा के टिकट पर विधायक और सांसद बनने वाले तथा अपने देश के प्रधानमंत्री का गुणगान करने वाले भाजपाइयों को ही आठ माह से इस होर्डिंग की कोई परवाही नहीं दिखाई दी। नेताजी जब भी शाहपुर, चरथावल, शामली, बुढ़ाना की ओर आते-जाते होंगे तो उनका रास्ता यही पड़ता होगा। या तो लग्जरी गाड़ी में बैठकर ऐसे होर्डिंग्स पर उनकी निगाह पड़नी शायद बंद हो गयी होगी या फिर यह सोचकर नजरअंदाज कर दिया होगा कि कौन सा पीएम यहां खुद आकर इसकी जांच करेंगे। शायद इसी मुगालते में माननीयों ने भी पिछ्छे आठ महीने में इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब देखना यह होगा कि समाचार प्रकाशित होने के बाद कौन से माननीय को शर्म आती है और विभाग को उक्त होर्डिंग तुरन्त उतारने के निर्देश दिये जाते हैं।

8.56 करोड़ रुपए की लागत से संवरेंगे स्पोर्ट्स स्टेडियम के दिन

▶ मंत्री ने डीएम व कार्यदायी संस्था अफसरों के साथ में किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ उनकी प्रतिभा निखारने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम के दिन बहुरने वाले हैं। बदलाव की इस कड़ी में नुमाईश ग्राउंड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में अब भारोत्तोलन व जिमनास्टिक हॉल के साथ ही वालीवॉल कोर्ट, जिम हॉल व बैडमिंटन हॉल का जीर्णोद्धार किया जाना है, जिसके लिए नगर विधायक एवं सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर यहां पर करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। मंत्री की इस पहल से स्टेडियम में आमूल सुधार के साथ कई बदलाव किए जाने की तैयारी है।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में मीडिया को जानकारी देते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुजफ्फरनगर क्षेत्र के युवाओं द्वारा यहां आवश्यक उपकरणों, मशीनों, संरचनाओं का निर्माण कराये जाने की मांग की जा रही थी, जिसका संज्ञान लेते हुए खेल विभाग व मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए जरुरत के अनुसार कार्य कराये जाने का प्रस्ताव भेजा था।

खेल विभाग द्वारा जनपद में स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 8.56 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद मंत्री कपिल देव ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री जी और खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा एवं कार्यदायी संस्था अधिकारियों के साथ चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला क्रीडा अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव व कार्यदायी संस्था यूपी

शेष - पृष्ठ-4 पर

महाकुम्भ मेले में तुलसी मार्ग पर शिविर में लगी आग, कई शिविर जलकर खाक

महाकुंभनगर, 07 फरवरी (वार्ता) महाकुंभ नगर में सेक्टर 18 तुलसी और शंकराचार्य मार्ग पर एक शिविर में शुक्रवार को आग लग गई। दमकल की एक दर्जन से अधिक गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। कल्पवासी थाना प्रभारी निरीक्षक अजब सिह ने बताया कि जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास शंकराचार्य मार्ग पर स्थित स्कॉन मंदिर शिविर के बाद देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आगे पीछे से दोनो एक दूसरे से सटे थे। उन्होंने बताया कि मौके पर एक दर्जन से अधिक दमकल की गाडियां मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसके बारे में तत्काल कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। भीड को मौके से हटाया गया। श्री सिह ने बताया कि हवा तेज थी जिससे देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आग पर काबू पा लिया गया है। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नही है। आग की चपेट में आने से कई शिविर जलकर खाक हो गए। गौरतलब है कि 20 दिन के भीतर महाकुंभ में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले सेक्टर 19, सेक्टर 22 आग लगी थी। हालांकि इन तीनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

एक्सप्रेस वे के पेट्रोल पंपों पर होंगे वातानुकूलित शौचालय

लखनऊ, 07 फरवरी (एजेंसी)। एक्सप्रेस वे से गुजर रहे लोगों को शौचालय की सुविधा देने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने यूपीडा के एक्सप्रेस-वे के नजदीक पेट्रोल पम्पों पर वातानुकूलित शौचालय डेढ़ माह के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के भीतर शौचालय का निर्माण नहीं होने पर सम्बन्धित पेट्रोल पम्पों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। शुक्रवार को यूपीडा के विभिन्न एक्सप्रेस-वे के निकट स्थित पेट्रोल पम्पों पर ग्राहकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में बुलाई गई बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि पेट्रोल पम्प पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय होना अनिवार्य है। साथ ही पीने के पानी और सफाई जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पम्प संचालकों को बुनियादी सुविधाओं और स्वच्छता का विशेष तौर पर ध्यान रखना होगा।

रस्म पगड़ी



आपको बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारे पूजनीय पिताजी
श्री प्रेमचन्द त्यागी
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके
दिनांक 29 जनवरी 2025, दिन बुधवार
प्रभु चरणों में लीन हो गए है। उनकी आत्मिक शांति के लिए
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी
दिनांक 10 फरवरी 2025, दिन सोमवार
हवन- प्रात:09 बजे, ब्रह्मभोज- प्रात:11 बजे
रस्म पगड़ी- दोपहर 2:00 बजे
स्थानः प्रेम पैलेस, बड़ौत रोड, बुढ़ाना (मुजफ्फरनगर)
!! शोकाकुल परिवार !!

जितेन्द्र त्यागी (पुत्र)
योगेन्द्र त्यागी (पुत्र)
राजेन्द्र त्यागी (भतीजा)
बिजेन्द्र त्यागी (भतीजा)
सुनील त्यागी (भतीजा)
विशाल त्यागी, चंचल त्यागी (पौत्र)
मनीष त्यागी, आशीष त्यागी (पौत्र)
अमित त्यागी, अविनाश त्यागी (पौत्र)
शिवा त्यागी, डा. विश्वनाथ त्यागी (पौत्र)
युवराज त्यागी (पौत्र)

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 07 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 08 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:- 1575: लेडेन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड का सबसे पुराना विश्वविद्यालय, विलियम, प्रिंस ऑफ ऑरेंज द्वारा स्थापित किया गया। 1705: औरंगजेब ने अपना अंतिम सैनिक अभियान चलाया। 1785: भारत के गवर्नर जनरल रहे वॉरेन हेस्टिंग्स भारत से रवाना। 1872: अंडमान में कालापानी की सजा काट रहे शेर अली ने सेल्यूलर जेल में भारत के वाइसराय लार्ड मेयो पर हमला करके उनकी हत्या की। 1897: भारत के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में जन्म। 1905: हैती और उसके आसपास के द्वीर समूहों में आए विनाशकारी चक्रवाती तूफान से 10,000 लोगों की मौत। 1909: फ्रांस और जर्मनी के बीच मोरक्को संधि पर हस्ताक्षर किये गए। 1941: गजलों के बादशाह जगजीत सिंह का जन्म। 1943: स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से एक नौका से जापान रवाना हुए। 1963: भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का जन्म। 1971: दुनिया के पहले इलेक्ट्रॉनिक शेयर बाजार नासडैक की शुरूआत। 1979: अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1986: दिल्ली हवाई अड्डे पर पहली बार प्रीपेड टैक्सी सेवा शुरू। 1994: भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव ने टेस्ट मैचों में 432 विकेट लेकर रिचर्ड हैडली का सर्वाधिक विकेट का विश्व रिकार्ड तोड़ा। 1995: राजस्थान के चौथे मुख्यमंत्री टीका राम पालीवाल का निधन। 1999: अमेरिकी अंतरिक्ष यान स्टारडस्ट केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना। 2005: इजराइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष विराम पर सहमति। 2006: सिओल में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच तीन समझौते संपन्न। 2007: भूटान नरेश की प्रथम भारतीय यात्रा 2010: श्रीनगर के पास खिलनमर्ग क्षेत्र में हिमस्खलन में सेना के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल के 350 जवान बर्फ के नीचे दब गए। इनमें से 70 सैनिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि 11 सैनिकों के शव निकाले गए। 2013: इराक में बम विस्फोट में 29 लोगों की मारे गए और 69 घायल हुए।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1335, रसकट ढैया 1230-1257, चाकू 1380-1523, लड्डू 1380-1475, खुरपापाड़ 1330-1352, शक्कर मसाला 1460-1480। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	86050	चांदी-	95600
सिक्का-	10500	गिन्नी-	64255

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 08 फरवरी, 2025

मेष- साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन में अत्यधिक प्रगाढ़ता, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, स्थान परिवर्तन कार्यक्रम।

वृषभ- कठिनाइयों का निवारण, इच्छित पद की प्राप्ति, मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, मनोविनोद के अवसर सुलभ, अध्यात्म के प्रति आस्था, उल्लास का वातावरण।

मिथुन- किसी योजना की पूर्त हेतु प्रयत्नशील, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, स्वविवेक का निर्णय हितकर, कर्ज की अदायगी समय पर, भोग विलासिता रुझान।

कर्क- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, कार्यों में असफलता, व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आरोग्य सुख में कमी, शत्रु सक्रिय, व्यय की अधिकता, पठन-पाठन में रुचि।

सिंह- व्यापार में विस्तार, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, लाभार्जन का मार्ग प्रशस्त, पारिवारिक कष्ट में कमी, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, सुपरिचितों से विचार विमर्श।

कन्या- आशाएं फलीभूत, सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों में वृद्धि, वाहन से सुख, मानसिक उलझनों में कमी, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, अध्यात्म के प्रति आस्था।

तुला- समय शुभ, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, परिवार में हर्ष।

वृश्चिक- दिनचर्या अव्यवस्थित, शंका-कुशंका से मित्रों से मतभेद, पारिवारिक खर्च में वृद्धि, राजकीय उलझनें, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, वाहन से भय।

धनु- समय संतोषजनक, मनोकामनापूर्ण, जनकल्याण की भावना जागृत, सुसमाचार मिलने से खुशी, आकस्मिक लाभ, विस्तार हेतु योजना फलीभूत, यात्रा में बाधा।

मकर- उन्नति का सुअवसर, किसी के माध्यम से नवीन कार्य की रूपरेखा, योजना का शुभारम्भ, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, सद्विचारों का उदय, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।

कुम्भ- कठिनाइयों का निराकरण, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, मंगल कृत्य सम्पादित, धनागम।

मीन- परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, विवादास्पद मसला हल न होने से मन अशान्त, गलतफहमी के शिकार, इच्छित पद की प्राप्ति में व्यवधान, व्यर्थ भ्रमण से हानि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

चेयरपर्सन ने कचहरी में किया पिंक टॉयलेट का लोकार्पण

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की सार्थक पहल के बीच शुक्रवार को कचहरी परिसर में सार्वजनिक शौचालय के रूप में पिंक शौचालय जनपद मुख्यालय पर आने वाली तमाम महिलाओं को समर्पित किया गया। कचहरी परिसर में महिला शौचालय की जरुरत के आधार पर पालिका प्रशासन की ओर से मिली इस सौगात की सभी ने प्रशंसा की। शुक्रवार को कचहरी परिसर में नगर पालिका परिषद की ओर से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत पिंक शौचालय का इस बीच पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह समेत वरिष्ठ अधिवक्ताओं की मौजूदगी में लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरीय क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने की दिशा में पालिका प्रशासन का अभियान जारी है। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ पालिका प्रशासन तमाम प्रयास जारी किए हुए है। उन्होंने नगर की जनता के साथ कचहरी में अधिवक्ताओं से अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए अपनी ओर से शहर की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया।

शामली में भाजपा नेता के घर पर पहुंचे छह बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, दहशत व्याप्त

सीसीटीवी फुटेज को लेकर दो बाइकों पर आए बदमाशों तक पहुंचने के प्रयासों में जुटी पुलिस

शामली, 07 फरवरी (एजेंसी)। शहर कोतवाली क्षेत्र में कैराना रोड शिव विहार कालोनी में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गन्ना समिति के पूर्व डायरेक्टर जितेंद्र निर्वाल के घर पर दो बाइक सवार पांच-छह बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की। फायरिंग से परिवार में दहशत बनी है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बृहस्पतिवार देर रात करीब तीन बजे जितेंद्र निर्वाल के घर पर दो बाइकों पर सवार पांच-छह बदमाशों ने हथियारों से 20 से अधिक राउंड फायरिंग की। फायरिंग से परिवार में दहशत बन गई। बदमाशों ने अपना चेहरा ढका हुआ था। घर पर फायरिंग हुई तो परिवार के लगभग 14 सदस्य घर में सो रहे थे। घर पर फायरिंग से परिवार दहशत के माहौल में रहा है। पीड़ित परिवार ने रात को ही पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। सीसीटीवी की फुटेज भी देखी। पुलिस ने मौके से 12 से ज्यादा खोखे व कारतूस बरामद किए। जितेंद्र निर्वाल की तहरीर पर अज्ञात में मामला दर्ज कर लिया है।

सहारनपुर में घुड़चढ़ी के दौरान फायरिंग में युवक को लगी गोली

सहारनपुर, 07 फरवरी (एजेंसी)। बड़गांव क्षेत्र के दल्हेड़ी गांव में घुड़चढ़ी के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक के हाथ में गोली लग गई। पुलिस ने देर रात्रि में ही घायल को नानौता अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दूल्हे के तहेरे भाई व दो अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव दल्हेड़ी निवासी सुरेश पुंडीर के बेटे अनुज की शादी समारोह को लेकर बृहस्पतिवार रात गांव में घुड़चढ़ी का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि इस दौरान दूल्हे के तहेरे भाई भूपेंद्र ने तमंचा निकालकर हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। वहां खड़े आर्यन को हाथ में गोली लग गई। घुड़चढ़ी देख रहे ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। परिजन घायल को थाना लेकर पहुंचे, जहां से पुलिस ने उसे उपचार के लिए नानौता अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची और मामले की गहनता से छानबीन की। घायल के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी भूपेंद्र पुत्र अजेस तथा दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए गांव में लगातार दबिशें दी जा रही हैं लेकिन घटना के बाद से आरोपी फरार हैं।

फेरों से ठीक पहले दूल्हे ने मांगी कार, दुल्हन ने किया शांदी से इंकार

सहारनपुर, 07 फरवरी (एजेंसी)। फेरों से ठीक पहले दूल्हे और उसके घरवालों ने कार की डिमांड रख दी, जबकि पहले बाइक की बात तय हुई थी। काफी हंगामे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो दुल्हन ने ऐसे लालची लोगों से शादी करने से साफ इंकार कर दिया। दूल्हे पक्ष की खूब बेइज्जती हुई और बारात बिना दुल्हन के ही लौट गई। कोतवाली बेहट क्षेत्र के एक गांव से कोतवाली मिजार्पुर के गांव में बरात आई थी। बरात का दुल्हन पक्ष ने बड़े अच्छे तरीके से स्वागत किया। सब कुछ सही था। फेरों के समय दूल्हा और उसके पक्ष की ओर से दहेज में बाइक के स्थान पर कार की डिमांड रख दी गई। दुल्हन पक्ष की ओर से जिम्मेदार लोगों ने दूल्हा पक्ष के लोगों को समझने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। बात इतनी बढ़ी कि पुलिस को बुलाना पड़ा, लेकिन मामला नहीं सुलझा। इसके बाद दुल्हन ने शादी करने से मना कर दिया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र गौतम का कहना है कि उक्त गांव में बरात के दौरान आपस में किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद मौके पर पुलिस भेजी गई थी। दहेज में कार मांगे जाने की बात उनके संज्ञान में नहीं है। दूल्हा पक्ष द्वारा माफी मांगे जाने के बाद मामला निपट गया था।

दिव्यांगजनों को मिलेंगे कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

शासन स्तर से जिले में पहुंचा 48.41 लाख का बजट नौ ब्लाकों में 11 फरवरी से लगेंगे दिव्यांग चयन शिविर

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। जनपद में दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने के लिए शासन स्तर से करीब 48.41 लाख रुपए का बजट जारी हुआ है। इस राशि से जनपद में दिव्यांगजनों की दशा और दिशा सुधारने की खातिर कार्य किए जाने की योजना है, ताकि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए पात्रों का चयन किया जा सके। यूपी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजना के तहत पात्रों का चयन करने के लिए जनपद स्तर पर ब्लॉकवार शिविर लगाते हुए योजना से लाभ पहुंचाया जाएगा। योजना के तहत दो किश्तों में शासन स्तर से मिली इस धनराशि से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण दिए जाएंगे। जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी दीक्षा उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में इसके लिए नौ विकास खंडों में कैम्प लगाकर लाभार्थियों को चिन्हित किया जाएगा। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण आदि देने के लिए शासन स्तर से यूपी दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से करीब 48.41 लाख रुपए का बजट मिला है। योजना के तहत प्रथम चरण में 25.32 लाख रुपए और द्वितीय चरण में 21.08 लाख रुपए मिले हैं। इस धनराशि से दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण खरीदे जाने है। इसके बाद ही पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए उन्हें दिए जाएंगे। इसके लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा नौ विकास खंडों में कैम्प लगाए जाएंगे। अभियान की इस कड़ी में 11 फरवरी को विकास खंड सदर, 12 फरवरी को ब्लॉक चरथावल, 13 फरवरी को ब्लॉक पुरकाजी, 14 फरवरी को ब्लॉक बघरा, 17 फरवरी को ब्लॉक खतौली, 18 फरवरी को ब्लॉक जानसठ, 19 फरवरी को ब्लॉक मोरना, 20 फरवरी को ब्लॉक बुढ़ाना और 21 फरवरी को जिले के शाहपुर विकास खंड में कैम्प लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कैम्पों में लाभार्थियों का चयन स्वास्थ्य विभाग की टीम की जांच के साथ किया जाएगा।

दयानंद इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में देहाती स्टार देव शर्मा रहे आकर्षण

एसडीएम और सीओ बुढ़ाना ने किया बच्चों को प्रोत्साहित

बुढ़ाना, 7 फरवरी (बु.)। दयानन्द इण्टर कॉलेज बुढ़ाना में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ कॉलेज का वार्षिक महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी बुढ़ाना राजकुमार भारती एवं बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह संयुक्त रूप से रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देहाती फिल्मों के स्टार देव शर्मा ने की। दयानन्द इण्टर कॉलेज, बुढ़ाना में आज वार्षिक महोत्सव मनाया गया, जिसके कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम बुढ़ाना और सीओ बुढ़ाना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों के कौशल ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम बच्चों ने बढ़ते सोशल मीडिया के प्रभाव दुष्प्रभाव, माता-पिता की सेवा करना। नशा न करना, यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। उपजिलाधिकारी बुढ़ाना एवं सीओ बुढ़ाना ने विद्यालय के बोर्ड परीक्षा में जिले में तृतीय स्थान पाने वाले हाईस्कूल के विद्यार्थी वंश सिंघल, वंशिका, अंजलि तथा कक्षा 12 के मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए अनुशासन एवं पढाई के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबन्धक तेजपाल सहरावत, संचालिका उमेश सहरावत, रश्मि आर्य और प्रधानाचार्य संजीव कुमार के साथ समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

फूड सेफ्टी ऑफिसर पंकज और चपरासी केशवराम भी मैडम की रिश्वतखोरी में रहे शामिल, पकड़ने को विजीलेंस ने बिछाया था पूरा जाल

कुल्लू , 07 फरवरी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में विजिलेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त भविता टंडन, फूड सेफ्टी ऑफिसर पंकज और चपरासी केशवराम को 1.10 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह पैसा मनाली के होटल व्यवसायी पद्म चंद से सैंपलिंग नोटिस हटाने के बदले मांगा गया था। विजिलेंस की टीम ने जाल बिछाकर इन्हें धर दबोचा और अब इन पर लगे भ्रष्टाचार के खेल की परतें उधेड़ने की तैयारी कर रही है।

विजिलेंस के डीएसपी अजय कुमार के मुताबिक, भ्रष्ट अधिकारी कई दिनों से विजिलेंस की रडार पर थी। मनाली के होटल व्यवसायी पद्म चंद से रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद विजिलेंस ने पूरी रणनीति बनाकर ऑपरेशन को अंजाम दिया। पदम चंद से रिश्वत मांगने का खेल पूरी सोची समी रणनीति के साथ खेला गया है। इसमें पहले तो होटल से फूड सैंपल लिए गए और फिर नोटिस जारी किया गया। मामले को दबाने के लिए 1.10 लाख रुपये की मांग की गई। सहायक आयुक्त भविता टंडन ने रकम फूड सेफ्टी ऑफिसर पंकज को देने के लिए कहा और इसके बाद इशारा समाते हुए पंकज ने पैसे दफ्तर में मौजूद चपरासी केशवराम को दिलवाए। जैसे ही शिकायतकर्ता ने पैसे थमाए, विजिलेंस की टीम ने ट्रैप ऑपरेशन कर तीनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। सूत्रों के मुताबिक, यह पहली बार नहीं था, जब भविता टंडन और उनकी टीम ने रिश्वत ली हो। विजिलेंस अब यह जांच कर रही है कि अब तक कितने होटल व्यवसायियों से वसूली की जा चुकी है और किन-किन मामलों में भ्रष्टाचार किया गया।

गेंद उठाते समय नाले में गिरकर सात साल के मासूम की मौत

मेरठ, 07 फरवरी (एजेंसी)। नगर निगम की लापरवाही ने सात वर्षीय मासूम की जान ले ली। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माधवपुरम में बृहस्पतिवार शाम खुले नाले में गिरी गेंद उठाते समय बालक नाले में गिर गया। जब तक उसे निकाला गया, उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, खुले नाले में अक्सर होने वाली मौतों से निवासियों में गुस्सा है। माधवपुरम ज्वालापुरी निवासी अरुण सिक्योरिटी कंपनी में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करते हैं। बृहस्पतिवार शाम उनका पुत्र आर्यन (7) अपने छोटे भाई आयुष के साथ घर के पास क्रिकेट खेल रहा था। तभी गेंद पास ही स्थित खुले नाले में जा गिरी। गेंद उठाने की कोशिश में आर्यन नाले में गिर गया। यह देख आयुष शोर मचाते हुए घर पहुंचा और मां शशि को इसकी जानकारी दी। मां मौके पर पहुंची तो नाले में गेंद पड़ी दिखाई दी, आर्यन नहीं दिखा। शशि ने पड़ोसियों को बुलाया और लाठी-डंडे की सहायता से नाले में आर्यन को तलाश किया गया। कुछ देर बाद आर्यन दिखाई दिया तो पड़ोसी उसे लेकर चिकित्सक के पास पहुंचे। चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी अंतरिक्ष जैन ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। आर्यन की मौत से परिजनों का रोते हुए बुरा हाल हो गया। मां शशि बेसुध हो गई। पड़ोसी महिलाओं ने उसे किसी तरह संभाला। पिता के आंसू भी थम नहीं रहे थे। मासूम की मौत को लेकर लोगों में काफी गुस्सा था।

महाकुंभ पहुंचे बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने संगम में लगाई डुबकी, भारतीय संस्कृति को बताया महान

गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल और नीना गुप्ता समेत कई हस्तियां भी प्रयागराज पहुंची

प्रयागराज, 07 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ-2025 का आयोजन किया जा रहा है। योगी सरकार ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। लेकिन इसके बावजूद घटनाएं हो रही है। हालांकि उसके बाद भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने के लिए महाकुंभ पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल समेत तमाम हस्तियां प्रयागराज महाकुंभ पहुंची हैं। इस दौरान आरिफ मोहम्मद ने कहा कि महाकुंभ में सनातन संस्कृति की एकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। बता दें, 6 फरवरी तक 39.74 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पावन स्नान कर चुके हैं।

महाकुंभ पहुंचे बिहार के राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को संगम भ्रमण के दौरान भारत की सनातन संस्कृति को महान बताया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आकर यह स्पष्ट होता है कि भारत की संस्कृति और परंपरा मानवता को जोड़ने का कार्य करती है। यहां मौजूद लोग एक-दूसरे को भले ही न जानते हों, लेकिन फिर भी सब एकजुट होकर इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। आरिफ मोहम्मद ने आगे कहा कि भारत की विरासत, आदर्श और मूल्यों को जीवंत रखना आवश्यक है। वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उनके साथ यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी पावन डुबकी लगाई है। अभिनेता संजय मिश्रा ने बताया कि बहुत भीड़ है। इसे सुचारू रूप से चलाने के लिए की गई कोशिश सफल रही है। उन्होंने बताया कि वो वहां 2-3 दिन रुकेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने परिवार के साथ प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया है। इस दौरान मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती से सभी की सुख-समृद्धि की कामना की है। साथ ही राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि आज पूर्व की संस्कृति को पश्चिम के लोग समझने, अपनाने और मानने के लिए तैयार है। इसकी व्यवस्था जहां 45 करोड़ लोग स्नान के लिए आए वो बेहतर और सुंदर है। नीना गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं सालों से यहां आना चाहती थी। यह एक अनोखा अनुभव है। आखिरकार, आज मैंने डुबकी लगा ली। यहां का माहौल अविश्वसनीय है। मैंने अपने जीवन में इससे बड़ा जनसमूह कभी नहीं देखा। प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे केवल त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान तक ही सीमित न रहें, बल्कि संतों का आशीर्वाद भी लें।

अभिनेता राजकुमार बोले-महाकुंभ का स्नान बड़ा सौभाग्य

प्रयागराज। अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री पत्रलेखा भी महाकुंभ पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती से मुलाकात की। अभिनेता राजकुमार राव ने कहा कि उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी पत्रलेखा मां गंगा के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। राजकुमार राव ने कहा, मैं संगम में डुबकी लगाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हम पिछली बार भी महाकुंभ में आए थे। हम परमार्थ निकेतन आश्रम में ठहरे हुए हैं। जो भी यहां स्नान कर सकता है, वह सौभाग्यशाली है। भगवान की कृपा से हमें यह अवसर मिला है। हम 12 साल पहले भी यहां आए थे। वो अनुभव जीवन बदल देने वाला था। हम (संगम में) डुबकी लगाने के लिए काफी उत्साहित हैं। इतने बड़े पैमाने पर यह आयोजन किया जाता है। सभी लोगों और प्रशासन के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं।

बागपत में हाईवे पर आग का गोला बना पुआल से लदा ट्रॉला

बागपत, 07 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर आशीर्वाद रिसोर्ट के बाहर खड़ा पुआल से लदा ट्रैक्टर ट्रॉला आग का गोला बन गया। इसके बाद वहां पहुंची पुलिस टीम और अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आशीर्वाद रिसोर्ट के संचालक संजय सिंह ने बताया कि रिसोर्ट के पास हाईवे किनारे पुआल से लदा एक ट्रॉला खड़ा था। बृहस्पतिवार रात करीब दस बजे ट्रॉले में लदी पुआल में आग लग गई। आग की लपटें उठने पर उन्होंने देखा तो पानी लेकर आए और आग बुझाने का प्रयास किया। हवा चलने के कारण आग नहीं बुझी तो पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद वहां आई अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियों ने आग बुझाई। उधर ट्रैक्टर ट्रॉला के मालिक का पता नहीं चल सका। पुलिस का कहना है कि ट्रॉला मालिक और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है, जांच होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बिजली कनेक्शन काटने गई टीम पर पथराव, हेड कांस्टेबल घायल

मेरठ, 07 फरवरी (एजेंसी)। कंकरखेड़ा के सिंधावली गांव में बकाया ज्यादा होने पर बिजली कनेक्शन काटने गई टीम पर पिता-पुत्र ने पथराव कर दिया। सिर में फरसा मारकर विजिलेंस के हेड कांस्टेबल राहुल कुमार को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह विजिलेंस की टीम सिंधावली गांव में सतीश के घर पर बिजली कनेक्शन काटने गई थी। कनेक्शन काटते समय सतीश व उसके बेटे राजन ने विजिलेंस टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया, जिसका विजिलेंस टीम ने विरोध किया। आरोप है कि गुस्साए पिता-पुत्र ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसी बीच आरोपियों ने विजिलेंस में तैनात हेड कांस्टेबल राहुल कुमार के सिर पर फरसे से हमला कर दिया। सिर में फरसा लगने से हेड कांस्टेबल राहुल लहूलुहान हो गए। हेड कांस्टेबल को लहूलुहान देखकर विजिलेंस टीम में हड़कंप मच गया। विजिलेंस टीम ने थाना पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

क्रेन की टक्कर से किसान की मौत,आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

शामली-भौराकलां मार्ग पर हुआ हादसा, पैदल ही खेत जा रहा था मृतक किसान, चालक हुआ फरार

शामली, 07 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में सुबह के समय पैदल खेत में जा रहे एक किसान को एक हाइड्रा मशीन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद हाइड्रा मशीन चालक हाइड्रा लेकर मौके से फरार हो गया। जहा मौके पर मौजूद ग्रामीण किसान को गंभीर अवस्था में लेकर अस्पताल पहुंचे। जहा चिकित्सकों ने किसान को मृतक घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस जब मृतक किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले जाने लगी तो घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर किसान का शव ले जा रही एंबुलेंस को बीच सड़क रोक लिया और मृतक किसान के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच जमकर कहासुनी भी देखने को मिली। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण अपनी मांग को लेकर सड़क पर जाम लगाए बैठे रहे। वही पुलिस लगातार लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही उक्त घटना को लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है। आपको बता दें कि पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के शामली झ भौरा कला मार्ग स्तिथ गांव कुडाना का है। जहा गांव का ही रहने वाला सतपाल सुबह सड़क के किनारे पैदल चलते हुए अपने खेत पर कार्य करने के लिए जा रहा था।बताया जाता है, कि जैसे ही किसान गांव के एक स्कूल के समीप पहुंचा तो सड़क से तेज रफ्तार से गुजर रही एक हाइड्रा मशीन ने किसान को जबरदस्त टक्कर मार दी और घटना के बाद हाइड्रा मशीन चालक मशीन लेकर फरार हो गया। सड़क किनारे किसान को घायल अवस्था में पड़ा देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस व किसान के परिजनों को दी। सूचना

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

मुरुगन मंदिर की रक्षा के लिए विरोध

तमिलनाडु के मदुरै में हिन्दू समाज ने थिरुपरनकुंद्रम मुरुगन मंदिर की रक्षा को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। आरोप हैं कि मंदिर की पवित्र पहाड़ी ही को वक्फ की संपत्ति बताया जा रहा है। पहाड़ी पर जैन गुफाएं भी हैं, जिनका स्वरूप बदले जाने का भी चर्चा है। यह सनातन विरोधियों के प्रति जागरूक समाज का बड़ा प्रदर्शन रहा। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर और पहाड़ी को हिन्दू समुदाय का पवित्र धार्मिक स्थल बताया। अदालत से अनुमति मिलने के बाद हजारों की संख्या में मुरुगन भक्तों ने विरोध-प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने भगवान मुरुगन की जय-जयकार करते हुए नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पूरे तमिलनाडु से लोग आए थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं। विरोध-प्रदर्शन में कई हिंदू संगठनों ने भाग लिया और थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी के इस्लामीकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हिंदू समुदाय के इस विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गईं। इन तस्वीरों में हजारों की संख्या में हिंदू समुदाय के लोग विरोध-प्रदर्शन करते नजर आए। विरोध-प्रदर्शन अदालत द्वारा तय की गई समय सीमा के बीच संपन्न भी हो गया। इस सनातन जागृति के चलते, वहाँ सनातन विरोधियों की नींद उड़ी हुई है। तमिलनाडु में जहाँ सनातन संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी है, वहीं सनातन को बीमारी बता कर नष्ट करने की बातें करने वाले नेता भी हैं, उन सभी को उनके पाँव के नीचे से जमीन खिसकती हुई लग रही है। इस मामले में महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि 1926 में मद्रास हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि पूरी पहाड़ी मंदिर की है और 1931 में प्रिवी काउंसिल ने भी इस फैसले की पुष्टि की थी। भगवान मुरुगन जिन्हें भगवान कार्तिकेय भी कहा जाता है, भगवान शिव और माता पार्वती के सबसे बड़े पुत्र हैं। इनके छोटे भाई बहन हैं देवी अशोक सुन्दरी, भगवान अय्यपा, देवी, ज्योति, देवी मनसा और भगवान गणेश। भगवान कार्तिकेय अर्थात भगवान मुरुगन के अन्य नाम हैं स्कन्द, कुमार, पार्वती नन्दन, शिवसुत, गौरीपुत्र, षड़ानन आदि। मलेशिया के गोम्बैक जिले में स्थित एक चूना पत्थर की पहाड़ी है, वहां भगवान मुरुगन की विश्व में सर्वाधिक ऊंची प्रतिमा स्थित है, जिसकी ऊंचाई 42.7 मीटर है। दक्षिण भारत में भगवान कार्तिकेय के प्रसिद्ध मंदिर हैं, थिरुत्थनी, पलानी मुरूगन,शिवा सुब्रमनियम स्वामी, रत्नागिरी, कुमुरकन्दन, थिरूपोरुर्कस्वामी, स्वामीनाथस्वामी, थिरुपपरमकुनरम, पज्हमुदिचोलोंई, स्वामीमली, तिरुचेंदूर, मरुदमली, वेल्लिमलाई। भगवान मुरुगन की पूजा मुख्य रूप से भारत के दक्षिणी राज्यों और विशेष रूप से तमिलनाडु में की जाती है। भगवान मुरुगन की पूजा दुनिया के कई देशों में रहने वाले तमिल लोग करते हैं। भगवान मुरुगन के प्रति आस्था श्रीलंका में बहुत प्रबल है। शैव लोग भगवान मुरुगन की पूजा करते हैं, क्योंकि वे उनके प्रिय भगवान शिव के पुत्र हैं। शैव लोग मुरुगन से आशीर्वाद मांगते हैं, ताकि वे अपनी नकारात्मक प्रवृत्तियों से मुक्त हो सकें। झगड़े की शुरूआत दो हफ्ते पहले एक आरोप से हुई। आरोप ये है कि कुछ लोगों ने मंदिर वाली पहाड़ी पर मांस खाया था। इस पहाड़ी को भगवान मुरुगन का एक घर माना जाता है। यहां एक दरगाह भी है। आरोप लगाया गया कि अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ सदस्य इस पहाड़ी का नाम बदलकर 'सिकंदर मलाई' रखना चाहते हैं। तमिल में मलाई का मतलब पहाड़ी होता है। तनाव बढ़ाने वाली सभाओं को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। धारा 163 को पहले धारा 144 कहते थे। इसके बाद हिंदू मुन्नानी ने विरोध-प्रदर्शन के लिए कानूनी हस्तक्षेप की मांग की।मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने मंदिर परिसर से पांच किलोमीटर दूर पलंगनाथम जंक्शन पर प्रदर्शन करने की अनुमति दे दी। जस्टिस जी जयचंद्रन और आर पूर्णिमा ने ये भी आदेश दिया कि कोई भी भड़काऊ नारे नहीं लगाए जाएं। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की गई थीं। इन तस्वीरों को लेकर कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि लोग पहाड़ी पर जाकर मांस खा रहे हैं। भाजपा ने इसकी निंदा की और कहा कि इससे पवित्र स्थल का अपमान हुआ है। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने रामनाथपुरम के सांसद नवाज कनी पर इस घटना में शामिल होने और इसका नेतृत्व करने के आरोप लगाए। कनी ने आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित मामला बताया है। अन्नामलाई ने ये आरोप भी लगाया कि राज्य सरकार हिंदू समूहों को विरोध-प्रदर्शन करने से रोक रही है। थिरुपरनकुंद्रम लंबे समय से धार्मिक सद्भाव का प्रतीक रहा है, जहां हिंदू और मुस्लिम अपने-अपने पूजा स्थलों पर प्रार्थना करते हैं। हिंदू मुन्नानी का दावा है कि ये पहाड़ी भगवान मुरुगन के 6 घरों में एक है। वहीं मुस्लिम समूहों का दावा है कि ये सिकंदर पहाड़ी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने राज्य में डीएमके के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक पर हिंदू विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाया और कहा कि तमिलनाडु के लोग 2026 के विधानसभा चुनावों में इसका करारा सबक सिखाएंगे। एक बयान में, मुरुगन ने मदुरै में पवित्र तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी के अपमान की निंदा की। उन्होंने रामनाथपुरम से लोकसभा सदस्य नवसकानी की हरकतों की भी निंदा की, जिन्होंने पहाड़ी पर बिस्यानी खाई, जिससे इसकी पवित्रता का उल्लंघन हुआ। मुरुगन ने जोर देकर कहा कि ये घटनाएं हिंदू परंपराओं और मूल्यों को कमजोर करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। उन्होंने चेतावनी दी कि डीएमके और उसके गठबंधन दल इस हिंदू विरोधी एजेंडे में शामिल हैं और राज्य के लोग अपनी आस्था के इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने हिंदू संगठनों के खिलाफ उनके कथित पूर्वाग्रह के लिए तमिलनाडु पुलिस की भी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि पुलिस तिरुपरनकुन्द्रम पहाड़ी को अपवित्र करने के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे लोगों को गिरफ्तार कर रही है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने ऐतिहासिक कानूनी फैसलों का हवाला देते हुए दृढ़ता से कहा है कि थिरुपरनकुद्रम पहाड़ी मंदिर की है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए अन्नामलाई ने सवाल किया कि क्या तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्री शेखरबाबू ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत हैं कि 1926 में मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि पूरी पहाड़ी मंदिर की है और 1931 में प्रिवी काउंसिल ने इस फैसले की पुष्टि की थी।

चार मोती

सुनील उत्सव

"जिन्दगी" "भावनाएं" "छल" "दम"

आजकल पहियों के दम पर चल रही है जिन्दगी।
अब मशीनों ही में प्यारे ढल रही है जिन्दगी।।
भावनाएं भी दिखावे में उलझ कर रह गयीं,
जिन्दगी को इस तरह अब छल रही है जिन्दगी।

शोक संदेश

श्रीमती सरोज बजाज
(धर्म पत्नी स्व. श्री नन्द लाल बजाज) का स्वर्गवास
5 फरवरी 2025, दिन- बुधवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म उठाला (तेरहवीं)
आज दिनांक 8 फरवरी 2025, दिन- शनिवार
समय:- दोपहर 2 बजे से 3 बजे
स्थानः- बारात घर गाँधी कॉलोनी,
शहीद भगत सिंह हाल, गेट नं. 2 पचेन्डा रोड, मुजफ्फरनगर
शोकाकुल परिवारः-
अमित बजाज- ममता बजाज (पुत्र-पुत्रवधु)
मुकुल बजाज-मनीषा बजाज (पुत्र-पुत्रवधु)
निखिल बजाज-पूनम बजाज (पुत्र-पुत्रवधु)
श्रीमती शीला देवी (जेठानी)
श्री हरबन्स लाल बजाज (देवर)
श्री प्रमोद-कोमल सपड़ा (पुत्री-दामाद)
श्री अजय सरीन- प्रियंका सरीन (पुत्री-दामाद)
रोहन- मनीषा (पौत्र-पौत्रवधु)
तुषार, वासुदेव, मौलिक, भव्यांश (पौत्र)
प्रतिष्ठानः- बजाज जनरल स्टोर, क्लासिक गारमेन्ट्स
रामा साईकिल स्टोर, बजाज इलैक्ट्रोनिक्स, सन्नी स्टोर
M. 7895600269, 8630552813

जैनाचार्य संत शिरोमणि प्रथम समाधि दिवस पर किए गए याद

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। धर्मनगरी मुजफ्फरनगर के महावीर चौक स्थित बैंकट हॉल में संपूर्ण जैन समाज की ओर से संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के प्रथम समाधि दिवस को भावपूर्ण विनयांजलि अर्पित करते हुए एक शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म महासंत की संपूर्ण जीवन यात्रा जन्म से समाधि तक "संत शिरोमणि" का प्रसारण सभी गुरू भक्तों के समक्ष किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, ब्रह्म कुमार शर्मा समेत अनेक राजनीतिक हस्तियों के साथ बड़ी संख्या में जैन समाज ने आचार्यश्री की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चरणों में विनयांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुज जैन, नितिन जैन मोंट, प्रवीण जैन चीनू, रोहित जैन अप्पू, आशीष जैन बसेड़ा सहित युवाओं में ध्रुव जैन, अनंत जैन, अभिषेक जैन, तन्मय जैन, उज्जवल जैन, अरहंत जैन (जैन बाल संस्कार चैनल) अक्षत जैन, नमन जैन सहित सकल जैन युवा संगठन और अर्हं टीम मुजफ्फरनगर द्वारा अपनी महती भूमिका बनाते हुए संपूर्ण जैन समाज ने आचार्य गुरूवर के प्रथम समाधि दिवस पर भाव पूर्ण विनयांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम का सुंदर मंच संचालन पुनीत जैन (जैन एजेंसी) व रविंद्र जैन (वहलना वाले) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रथम समाधि दिवस पर शॉर्ट फिल्म को देखकर प्रशंसा करते हुए उन्हें भावांजलि प्रकट की। बता दें, आचार्य श्री ने जीवनकाल में धर्म की रक्षा की खातिर मूकमाटी महाकाव्य जैसे 100 से अधिक ग्रंथों के रचना के साथ, 75 गौशालाओं, अनेक अस्पतालों व गुरुकुल विद्यालयों के प्रेरक आचार्य श्री एक वर्ग विशेष के नहीं, अपितु समूचे राष्ट्र के पूजनीय संत थे, जिन्होंने अपने ज्ञान, संयम, तप, त्याग, आचरण व परोपकार से जन-जन को लाभान्वित किया। वैराग्य धारण के बाद 50 साल से अधिक की अपनी अनवरत साधना के दौरान देश में करीब 55 हजार किमी की पदयात्राएं करते हुए संस्कृति की धर्म पताका फहराते हुए अहिंसा व सद्भावना का संदेश फैलाकर समाज व राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की।

विन्यांजलि समारोह में गणमान्यों ने कहा, जैन समाज के संत अपने आचरण से देते हैं धर्म का संदेश

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। गुरूवार को अर्पण बैंकेट हॉल में आयोजित आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर उन्हें याद करते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सिर्फ आचार्य विद्यासागर जी नहीं जैन समाज के छोटे से छोटे संत भी अपने आचरण से समाज को संदेश देते हैं। जैन समाज के संतों में ऐसा देखने को नहीं मिलता कि जो वो खुद ना कर पाये उसका उपदेश देते हों। पहले वह अपने जीवन पर नियम लागू करते हैं उसके बाद अपने प्रवचन लोगों तक पहुंचाने का काम करते हैं। अधिकांश संत समाज को शिक्षा बहुत देते है और वह शिक्षा स्वयं पर लागू नहीं करते, मगर जैन धर्म के मुनि, महाराज, संत खाना-पीना-पहनना साथ ही साथ अन्य सुख-सुविधाओं का त्याग स्वयं कर-के दिखाते हैं, तब जाकर वें महान संत बनते हैं। ऐसे संतों को सर्व समाज के लोग सदा नमन करते हैं और करते रहेंगे।

कबड्डी खिलाड़ियों को किया मंत्री कपिल देव ने रवाना

- ओपनस्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी कबड्डी टीम

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओपन स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिला स्तर पर महिला कबड्डी खिलाड़ियों का शुक्रवार को खेल मैदान में ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें जनपद भर से महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने इस बीच अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खुद को साबित किया। चयनित खिलाड़ियों से मिलकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल व डीएम उमेश मिश्रा ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए जीत की शुभकामना के साथ ही सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों को रवाना किया। उप जिला क्रीड़ाधिकारी भूपेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि खेल निदेशालय यूपी के तत्वावधान में जनपद मथुरा में आगामी 10 से 12 फरवरी तक ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मथुरा में प्रस्तावित किया गया है। इसमें जिला खेल विभाग द्वारा प्रतिभाग करने के लिए जनपद स्तरीय टीम का चयन किया गया है। इसके लिए शुक्रवार स्टेडियम पर ट्रायल मैच का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में ट्रायल स्वरूप जनपदभर से चुनिंदा सीनियर महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित किया। उन्होंने बताया कि ट्रायल के बाद वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी गौरव कुमार, मनीष शर्मा और रेनू रानी द्वारा प्रदर्शन के आधार पर महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनमें रूपा, आरती, वंशिका, सोनम, साक्षी, शबनम, निखत, साक्षी, अलीशा, निधि, ज्योति और प्रियांशी के साथ अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में वंशिका कुमारी शामिल हैं। जनपद स्तरीय कबड्डी टीम में चयनित इन सभी खिलाड़ियों को मंत्री कपिल देव अग्रवाल और डीएम उमेश मिश्रा ने प्रोत्साहित करते हुए उनको प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए सम्मानित करते हुए मथुरा के लिए रवाना किया गया।

चैकिंग के दौरान दो आरोपी गिरफ्तार किये

खतौली, 07 फरवरी (बु.)। कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान गांजा बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे दो लाख बीस हजार रूपये की कीमत का 18 किलो 665 ग्राम गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा के निर्देशन में नगर इंचार्ज विक्रान्त कर्दम द्वारा पुलिस टीम के साथ गंगनहर के निकट चलाये जा रहे चैकिंग अभियान गांव सठेड़ी मार्ग से आ रहे दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर उनसे 18 किलो 665 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत लगभग दो लाख बीस हजार रूपये आंकी गयी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम बबलू पुत्र ईश्वर निवासी गांव चन्दसीना व सनोज पुत्र बाशु निवासी गांव वाजिदपुर है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उक्त दोनों उड़ीसा से दो हजार रूपये किलो की दर से गांजा खरीद कर जनपद मुजफ्फरनगर में अलग-अलग क्षेत्रों में अधिक दामों में बेचते थे।

डीआईओएस ने रोका वेतन, धरने पर बैठे माध्यमिक शिक्षक

- अब अपार आईडी को लेकर शिक्षक-शिक्षा विभाग में टकराव - शिक्षकों ने लगाया शोषण का आरोप, सीएम को भेजा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। शिक्षा विभाग का अपार आईडी जनरेट करने के अभियान में जिले में लक्ष्य के अनुसार कार्य नहीं होने के कारण शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराते हुए विभाग ने जिले में सभी माध्यमिक शिक्षकों के वेतन पर रोक लगाई तो अब शिक्षकों व शिक्षा विभाग के बीच टकराव के हालात बन गए हैं। इस फैसले के विरोध में शुक्रवार को जिले के माध्यमिक शिक्षकों ने डीआईओएस के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन करते हुए धरना दिया और सीएम योगी को ज्ञापन भेजकर समय से कदम न उठाने पर डीआईओएस के खिलाफ ही कार्यवाही और वेतन जारी कराने की मांग की। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस के खिलाफ शुक्रवार को मोर्चा खोल दिया। संघ से जुड़े शिक्षक व शिक्षिकाएं शुक्रवार को महावीर चौक स्थित कार्यालय में पहुंचे और नारेबाजी व प्रदर्शन करने के साथ ही धरना शुरू कर दिया। संघ जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि डीआईओएस द्वारा शिक्षक विरोधी मानसिकता के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कॉलेजों में विद्यार्थियों के अपार आईडी जनरेशन को लेकर दिशा निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर मनमाने ढंग से जिले के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों का माह जनवरी का वेतन अवरोध कर दिया गया, जिससे भारी परेशानी व मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के विरोध में संघ ने आवाज उठाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीआईओएस की लापरवाही व समय से कदम नहीं उठाने के कारण अपार आईडी जनरेट करने केदलक्ष्य से जिला पिछड़ा है। इस कार्य के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय व राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा सितंबर व अक्टूबर माह में सभी डीआईओएस को निर्देश जारी कर दिए थे। इस पर तत्समय कदम नहीं उठाने और अब लक्ष्य पूर्ण नहीं होने का बहाना बनाकर शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व कर्मियों का वेतन रोका जा रहा है, जो निंदनीय है। संघ द्वारा मुख्यमंत्री योगी के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें कहा गया कि अब यदि अपार आईडी जनरेट कराने का जल्दबाजी में कार्य कराया गया तो इसमें गलतियों की संभावना होने के कारण इसका खामियाजा भविष्य में विद्यार्थियों को भुगतना पड़ सकता है। महिला विंग की जिलाध्यक्ष बबीता राणा ने आरोप लगाया कि डीआईओएस बिना अभिभावकों की सहमति से उक्त अपार आईडी जनरेट करवा रहे हैं, जो गलत है। इसमें शिक्षकों का दोष नहीं है। उन्होंने रूका वेतन जारी कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि ये निर्णय नहीं हुआ तो जनपद के शिक्षक शिक्षा कार्य से विरत रहकर सामूहिक रूप से हड़ताल करेंगे। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता यशपाल सिंह व संचालन सुनील चौधरी ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. राहुल कुशवाहा, बबीता राणा, यशपाल सिंह, कपिल त्यागी, सुनील चौधरी, शालिनी सिंह, सत्यकाम तोमर, बाकर अली, तेजपाल सिंह, नीरज कुमार, विनोद, विनुज कुमार, मनोज शर्मा, वशिष्ठ भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मॉडल कालेज के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप

मीरापुर, 07 फरवरी (बु.)। गांव कासमपुर खोला के प्रधान प्रति ने निमार्णाधीन मॉडल कालेज के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। आरोप है ठेकेदार मानकों के अनुसार निर्माण नहीं कर रहा है। कासमपुर खोला निवासी पंकज कपासिया ने बताया कि गांव में सरकार द्वारा मॉडल कालेज का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य करने वाला ठेकेदार बिना सीसी नींव की चिनाई व पिलर 10 फीट गहराई के बजाए तीन फीट गहराई करके कार्य कर रहा है। आरोप है कि टेंडर में अच्छी कंपनी का सीमेंट लगाना निर्धारित है, जबकि ठेकेदार घटिया सीमेंट का प्रयोग कर रहा है। निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने की जानकारी लगने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया तथा उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की है।

जिले में 15 लाख 38 हजार बच्चों को 10 फरवरी को दी जाएगी एलबेंडाजोल

मुजफ्फरनगर, 07 फरवरी (बु.)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अब 10 फरवरी को जिलेभर में करीब 15.38 लाख बच्चों को एलबेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी, जिसकी स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने मीडिया से वार्ता के दौरान कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को सभी स्कूलों, आंगनवाड़ी और मदरसों में इस बीच एलबेंडाजोल की दवा दी जाएगी। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले भर में तीन हजार स्कूल, 2,274 आंगनबाड़ी केंद्र, और 110 मदरसों के माध्यम से 15 लाख 38 हजार बच्चों को एलबेंडाजोल दवाई देने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में जो बच्चे दवा से वंचित रह जाएंगे, उन्हें बाद में 14 फरवरी को कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। सीएमओ ने उक्त एलबेंडाजोल गोली की जानकारी देते हुए कहा कि यह दवा सभी कृमियों के कोशिका विभाजन रोकती है, जिससे उनकी वृद्धि रुक जाती है और अंततः वे मर जाते हैं। बच्चों के पेट में मौजूद कीड़ों को खत्म करती है। इससे बच्चों में खून की कमी और चिड़चिड़ेपन की समस्या दूर होती है। कृमि संक्रमण बच्चों के मानसिक, शारीरिक जीवन शैली को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया की इस दवा का कोई साइड इफैक्ट नहीं होता। लेकिन किसी बच्चे को दिक्कत होती है, तो उसके लिए स्कूल स्टाफ व आंगनवाडी कार्यकत्रियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

भैसा-बुग्गी से ट्रॉली की भिड़न्त के बाद ट्राली पलटी, राजमार्ग जाम

रामराज, 07 फरवरी (बु.)। गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर के समीप गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली एक भैसा-बुग्गी में टकराकर मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर बीचोबीच पलट गई, जिससे जहां बुग्गी क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर वाहनों का लम्बा जाम लग गया। शुक्रवार दोपहर मीरापुर निवासी राकेश अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर टिकौला शुगर मिल में डालने के लिए जा रहा था। ट्रैक्टर ट्रॉली चालक जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर के समीप पहुंचा तो इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होते हुए आगे जा रही गन्ने से भरी भैंसा-बुग्गी से टकराते हुए मेरठ-पौड़ी राजमार्ग की सड़क पर बीचों-बीच पलट गई, जबकि गन्ने से भरी गांव मुकल्लमपुरा निवासी कल्लू पुत्र चंद्रभान की बुग्गी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं दुर्घटना से राजमार्ग के दोनों और वाहनों का लम्बा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 व रामराज पुलिस ने अन्य ट्रैक्टर की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली को सड़क किनारे कराकर मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर यातायात सुचारू कराया इस दौरान राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

घायल की उपचार के दौरान मौत

खतौली, 07 फरवरी (बु.)। तीन दिन पूर्व गंगनहर के पास घायल मिले युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों गंगनहर के निकट एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला था। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया था। घायल की पहचान जानसठ तहसील के गांव बसाइच निवासी प्रशान्त पुत्र भूले सिंह के रूप में हुई थी। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा घायल को मेरठ स्थित एक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान घायल प्रशान्त की शुक्रवार को मौत हो गयी। मृतक के परिजनों द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर मृतक के दोस्त पर शंका व्यक्त करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

लापता छात्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट हुई दर्ज

बुढ़ाना, 07 फरवरी (बु.)। आज शुक्रवार को चार दिन बीत जाने के बाद भी रहस्यमय परिस्थितियों में अचानक से गायब हुए छात्र का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। बुढ़ाना पुलिस ने लापता छात्र की गुमशुदगी दर्ज करते हुए छात्र की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर निवासी लोकेश कुमार ने बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका 17 साल का भतीजा अनिकेत विश्वकर्मा बुढ़ाना कस्बे के डीएवी इंटर कालेज का छात्र है। बीती 04 फरवरी के दिन वह कालेज में पढ़ने के लिए गया हुआ था, तब वह कालेज में नही पहुंचा। काफी तलाश करने के बाद भी वह नही मिल पाया। कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके भतीजे को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गये हैं। वे कौन थे, इसका कुछ भी पता नहीं लग पाया है। बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित लोकेश कुमार की तहरीर पर अपराध पंजीकृत कर लिया है। उधर दूसरी ओर बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर छात्र अनिकेत के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित लोकेश कुमार के अनुसार उनकी किसी से भी कोई रंजिश नहीं है। उनका भतीजा इस तरह से कभी भी घर से नहीं गया।

बोनट पर बैठ स्टंट कर रहे युवकों का वीडियो वायरल

बुढ़ाना, 07 फरवरी (बु.)। कार में सवार 2 युवकों का चलती कार के बोनट पर बैठकर फिल्मी स्टंट करने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद बुढ़ाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दबेड़ी में एक कार तेजी से गुजरी जो खतौली की और से बुढ़ाना की ओर जा रही थी, तब चलती कार के बोनट पर बैठकर दो युवक फिल्मी स्टाइल में स्टंट करते नजर आए, जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और उसे कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बुढ़ाना पुलिस के संज्ञान में मामला आते ही पुलिस ने कार और दोनों युवकों की पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। चलती कारों में स्टंट करने का यह मामला कोई पहला नहीं है। इससे पूर्व भी बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में समय समय पर इस तरह के वीडियो वायरल हो चुके हैं और बुढ़ाना पुलिस भागदौड़ कर ऐसे हीरो टाइप युवकों को जेल भेजने का भी काम कर चुकी है, लेकिन फिर भी बुढ़ाना क्षेत्र मे सड़कों पर कारों से स्टंट करने का सिलसिला थम नहीं रहा। बीते दिनों मे स्टंट के कई वीडियो वायरल हुए हैं। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने बताया कि स्टंट करने वाले युवकों और कार की तलाश की जा रही है।

नादिया में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, तीन महिलाओं सहित चार की मौत

नादिया, 07 फरवरी (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट होने से तीन महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। नदिया के कल्याणी के रथतला में घनी आबादी वाले इलाके में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि पूरी पटाखा फैक्ट्री उड़ गई। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक विस्फोट स्थल से चार लोगों को जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल (जेएमएम) ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घायल महिला की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम मृतकों और घायल व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। यह भी जांच रहे हैं कि क्या वे सभी फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक थे। उन्होंने कहा, विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के बाद फैक्ट्री में आग लग गई, जिसे दमकलकर्मियों ने लगभग डेढ़ घंटे में नियंत्रित कर लिया। अधिक जांच की जा रही

राम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले कारसेवक कामेश्वर चौपाल का निधन

पटना, 07 फरवरी (एजेंसी)। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी और और बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। कामेश्वर चौपाल वह शख्स थे, जिन्होंने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के लिए नींव की पहली 'राम शिला' (ईंट) रखी थी। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी और और पूर्व बिहार विधान परिषद के सदस्य कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में 68 साल की उम्र में कामेश्वर चौपाल ने अंतिम सांस ली है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। संघ की तरफ से उन्हें प्रथम कार सेवक का दर्जा दिया था। उन्होंने ही राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखी थी। कामेश्वर चौपाल लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। कामेश्वर चौपाल वह शख्स थे, जिन्होंने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के लिए नींव की पहली ह्यराम शिलाह्न (ईंट) रखी थी। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कामेश्वर चौपाल का जन्म सुपौल जिले कमरैल गांव में हुआ था। उनकी शिक्षा मधुबनी से हीं हुई है।स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद ही वे संघ के प्रति पूरी तरह से समर्पित हो चुके थे। इसके बाद उन्हें मधुबनी जिले का जिला प्रचारक बना दिया गया था। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद ही वे संघ के प्रति पूरी तरह से समर्पित हो चुके थे। इसके बाद उन्हें मधुबनी जिले का जिला प्रचारक बना दिया गया था। कामेश्वर चौपाल राजनीति में भी लंबे समय तक सक्रिय रहे। 2004 से लेकर 2014 तक वो एमएलसी रहे।

एक्टर सोनू सूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, दिया अरेस्ट करने का आदेश

लुधियाना, 07 फरवरी (एजेंसी)। एक्टर सोनू सूद के खिलाफ लुधियाना कोर्ट ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। यह मामला 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है। सोनू सूद बार-बार समन भेजे जाने के बावजूद गवाही देने नहीं पहुंचे। कोर्ट ने अब एक्टर को गिरफ्तार कर पेश करने के निर्देश दिए हैं। एक्टर सोनू सूद बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उनके खिलाफ लुधियाना कोर्ट ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। एक्टर के खिलाफ यह वारंट ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रमणप्रीत कौर ने जारी किया है। बताया जा रहा है कि सोनू सूद को कोर्ट में गवाही देने के लिए बार-बार समन भेजे गए, पर वह एक बार भी नहीं पहुंचे। इसी को लेकर अब उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। दरअसल लुधियाना के वकील राजेश खन्ना ने मोहित शुक्ला नाम के व्यक्ति के खिलाफ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। इसमें उसे नकली रिजिका सिक्के में निवेश करने का लालच दिया गया था। वकील राजेश खन्ना ने इसी मामले में धोखाधड़ी का आरोप लगाया और सोनू सूद को इसी केस के तहत गवाही देने के लिए तलब किया गया था। सोनू सूद को कई बार समन भेजे गए, पर वह गवाही देने के लिए एक बार भी कोर्ट में नहीं पहुंचे। इसी को देखते हुए अब कोर्ट ने सोनू के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी है।

आप विधायकों को 15 करोड़ में खरीदेगी भाजपा: केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल के बयान के बाद केजरीवाल और संजय सिंह के आवास पर पहुंची एसीबी

नई दिल्ली, 07 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले शुक्रवार को दिल्ली का सियासी पारा हाई हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल के आप प्रत्याशियों को खरीदने के दावे के बाद मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एंट्री हो गई है। केजरीवाल के आवास पर शुक्रवार को एसीबी की टीम पहुंची। एसीबी की तीन सदस्यीय टीम इस मामले की पूरी जांच कर रही है। एसीबी ने इस पूरे मामले की जांच के दौरान अरविंद केजरीवाल से सबूत और 5 सवालों के जवाब मांगे हैं। उधर इस मामले के बाद दिल्ली में काउंटिंग से पहले सियासी पारा हाई है। बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच तीखी नोंकझोक और जुबानी जंग तेज हो गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि उनके 16 उम्मीदवारों को अन्य पार्टी में शामिल होने के लिए फोन आया है और प्रत्येक को 15-15 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि एक पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि 'आप' छोड़कर उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है?'

10 से 12 फरवरी तक फ्रांस के दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 07 फरवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस का दौरा करेंगे। पीएम मोदी पेरिस में एआई समिट 2025 की सह अध्यक्षता करेंगे। फ्रांस ने भारत को इस सम्मेलन की सह अध्यक्षता के लिए निमंत्रण दिया था। जानकारी के मुताबिक, इस कार्यक्रम में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीनी उप प्रधानमंत्री कई अन्य लोग शिरकत करेंगे। पीएम मोदी की यात्रा को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, "फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 फरवरी 2025 तक फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा फ्रांस द्वारा आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन के आयोजन के अवसर पर हो रही है और प्रधानमंत्री फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ इस अकएक्शन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री 10 फरवरी की शाम को पेरिस पहुंचेंगे। विदेश सचिव ने कहा, पीएम मोदी 10 फरवरी की शाम को ही राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा सरकार के प्रमुखों और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में एलिसी पैलेस में आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। रात्रिभोज में टेक डोमेन से बड़ी संख्या में उएड और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कई अन्य विशिष्ट लोगों के भी शामिल होने की संभावना है। अगले दिन 11 फरवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रपति मैक्रों के साथ अकएक्शन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करेंगे।।।यह हाल के दिनों में आयोजित होने वाला तीसरा ऐसा उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन है। इनमें से पहला 2023 में यूके में, दूसरा 2024 में कोरिया गणराज्य में और अब यह फ्रांस में है।

उत्तर प्रदेश में हेल्मेट न पहनने पर नो एंट्री, नो अटेंडेंस का नियम लागू

लखनऊ, 07 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के अफसरों के साथ सुप्रीम कोर्ट की तरफ से सड़क सुरक्षा को लेकर बनाई गई कमेटी की बैठक हुई। कमेटी के अध्यक्ष ने बैठक के दौरान कई मुद्दों पर परिवहन विभाग की सराहना की तो कई मुद्दों पर नाराजगी भी जताई। कमेटी ने कहा कि बिना हेलमेट ऑफिस आने वाले कर्मचारियों और स्कूल जाने वाले स्टूडेंट को अनुपस्थित घोषित किया जाए। इस निर्देश को सख्ती से लागू किया जाए। कमेटी ने इलेक्ट्रानिक इंफोर्समेंट डिवाइसेस न लगाए जाने पर नाराजगी जताई है। योजना भवन में हुई बैठक के दौरान कमेटी के अध्यक्ष जस्टिस अभय मनोहर सप्रे ने कई सुझाव भी दिए। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान सड़क हादसे रोकने के लिए परिवहन विभाग के प्रयासों की सराहना की। कमेटी ने कहा कि सभी विभागों को ऐसा सामंजस्य करना चाहिए जिससे सड़क हादसों में एक भी व्यक्ति की मौत ना हो। इसे अभियान के तौर पर चलाया जाए और जरूरत के हिसाब से सख्त कार्रवाई की जाए। कमेटी ने सड़कों पर ब्लैक स्पाट चिह्नित कर उसे सुधारने के साथ ही कैमरा और अन्य संसाधनों को लगाने के लिए कहा। इस बैठक में एक नया और दिलचस्प सुझाव दिया गया। अब बिना हेल्मेट दफ्तर आने वालों और स्कूल जाने वाले बच्चों को अनुपस्थित माना जाए। इसका मतलब है कि अगर किसी कर्मचारी या छात्र ने हेल्मेट नहीं पहना है, तो उन्हें काम पर या स्कूल में एंट्री नहीं मिलेगी। इसके अलावा, चार साल से बड़े बच्चों के लिए भी हेल्मेट पहनना अनिवार्य किया जाएगा। कमेटी ने इसे सख्ती से लागू करने की सिफारिश की है। कमेटी ने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी उपकरण (जैसे स्पीड कैमरे और सीसीटीवी) लगाना जरूरी है। खासकर एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर जिन जगहों पर हादसे ज्यादा होते हैं, वहां इन उपकरणों की मदद से सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

परिवार की गैरमौजूदगी में घर से नगदी व जेवरात चोरी

भोपा, 7 फरवरी (बु.)। बेखौफ चोरों ने दम्पति की अनुपस्थिति में मकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैला दी। चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने घटना के खुलासे की मांग करते हुए चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी पुष्पेन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि वह जानसठ मार्ग स्थित रविदास मंदिर के पीछे अपनी पत्नी वंदना के साथ रहता है। उसकी घर के अन्दर ही परचून की छोटी सी दुकान है तथा वह गांव-गांव जाकर परचून के सामान की फेरी भी लगाता है। गुरूवार को पुष्पेन्द्र अपने घर का ताला लगाकर उत्तराखण्ड के मंडावली गांव में रिश्तेदारी में शादी में शिरकत करने के लिए गया हुआ था। शुक्रवार की सुबह पुष्पेन्द्र बच्चों को शादी में ही छोड़कर शुक्रवार की पैंठ में सामान बेचने की नीयत से जल्दी मोरना पहुंच गया। जब वह वापस घर पर आया तो

उसने कमरे का ताला टूटा हुआ पाया तथा कमरे के अन्दर सामान को खुर्द-बुर्द हालत में देखा, तो वह सन्न रह गया। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी से एक लाख पचपन हजार की नगदी, दो सोने की अंगूठी, चार चांदी की अंगूठी, कड़े व पाजेब चोरी कर लिया। चोरी की घटना से गरीब परिवार भारी सदमे में आ गया है। चोरी की घटना से गांव में दहशत फैल गयी है। पीड़ित ने तहरीर देकर घटना के शीघ्र खुलासे व माल बरामद की मांग की है। सूचना पर पहुंचे सीओ भोपा देवव्रत वाजपेयी, प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार व चौकी प्रभारी ललित राजपूत ने घटना की जानकारी की तथा पीड़ित को जल्दी ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया।

चोरों की कर्मस्थली बना भोपा थाना क्षेत्र

भोपा। पिछले कुछ दिनों से भोपा थाना क्षेत्र चोरों के लिए ऐशगाह बना हुआ है। चोरी व लूटपाट की घटनाएं आम बात हैं। बुधवार को थाने से चंद कदम की दूरी पर ट्रैक्टर के मैकेनिक की दुकान में चोरी कर चोरों ने लाखों रुपए का सामान चुरा लिया था, जिसका अभी खुलासा भी नहीं हुआ था कि चोरों ने पुनः चोरी की घटना को अंजाम देकर अपने हौसलों से अवगत करा दिया है। थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके अलावा गंगनहर पटरी पर लूटपाट की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। क्षेत्र में चोर लुटेरों का आतंक बढ़ने से असुरक्षा का माहौल बन गया है।

शेष : 8.56 करोड़ रुपए की लागत से संवरेंगे स्पोर्ट्स स्टेडियम के दिन

आरएन एसएस अभियंताओं को निर्देश देते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यहां पर आवश्यकता और स्थान उपलब्धता के अनुरूप स्पोर्ट्स स्टेडियम का वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करें और कोई भी कार्य शेष ना रहे। उन्होंने कहा कि स्टेडियम जीर्णोद्धार के बाद क्षेत्र की युवा शक्ति को एक नई दिशा और मार्गदर्शन मिलेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का भी मौका होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश-प्रदेश की बेहतरी की खातिर वे अपनी शारीरिक व मानसिक गतिशीलता से जनपद का नाम रोशन करें एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज चेयरमैन एससी कुलश्रेष्ठ, क्रीडा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह यादव, वार्ड सभासद सतीश कुकरेजा, विशाल गर्ग, पवन छाबड़ा, सागर वत्स, विकास बालियान, पंकज माहेश्वरी, डॉ. जीत सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे।

जयपुर एयरपोर्ट पर मिले सांप, बिच्छू, मकड़ियों भरे डिब्बे, दो पैसेंजर दबोचे

जयपुर, 07 फरवरी (एजेंसी)। जयपुर एयरपोर्ट पर एक अनोखी घटना सामने आई है। वहां कस्टम विभाग ने बैंकॉक से आई एक फ्लाइट में प्लास्टिक के कई डिब्बे पकड़े हैं जिनमें जहरीले सांप, बिच्छू और मकड़ियां रखे हुए थे। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को बैंकॉक से एयर एशिया की एक फ्लाइट आई थी। उसमें कस्टम विभाग को यात्रियों के सामानों की जांच के दौरान जहरीले जीवों वाले 7 डिब्बे मिले। इन छोटे डिब्बों में ये जहरीले सांप, बिच्छू और मकड़ियां मिले। कस्टम अधिकारियों को दो यात्रियों पर संदेह हुआ और पूछताछ के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। हालांकि इन संदिग्ध यात्रियों का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि पैकेट में क्या सामान था। कस्टम विभाग ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया है। वन विभाग की टीम इन जीवों की जांच करेगी। ऐसा शक है कि इन जहरीले जीवों की तस्करी नशे के लिए की जा रही थी। नशा करने वाले कई लोग सांपों और जहरीले जीवों के जहर को मादक पदार्थों की तरह इस्तेमाल करते हैं। सांप के जहर में न्यूरोटॉक्सिन नाम का केमिकल होता है जिसकी वजह से नशे के जैसा महसूस होता है। नशे के इस रूप को ओफिडिज्म भी कहा जाता है, जो काफी खतरनाक है। सांप जैसे जीवों के जहर से नशा भारत में सामान्य नहीं है और इसका चलन विदेशों में ज्यादा है। वैसे सांप के जहर के नशे का असर के बारे में कोई कुछ पक्के तौर पर नहीं बता सकता। लेकिन ये इतना खतरनाक होता है कि इसके नशे का खुमार आपके ऊपर कई दिनों तक दिखता रह सकता है। लंबे वक्त में इसके नियमित सेवन से इसकी लत लग सकती है और इसके आदी शारीरिक और मानसिक तौर पर इसपर निर्भर हो जा सकते हैं।

आर्मी की बड़ी कार्रवाई, बीएटी के 7 पाकिस्तानी घुसपैठिए ढेर

नई दिल्ली, 07 फरवरी (एजेंसी)। भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। जानकारी के मुताबिक सेना ने सात घुसपैठियों को मार गिराया जिनमें से 2-3 पाकिस्तानी सेना के नियमित जवान थे। बताया गया कि यह मुठभेड़ 4 और 5 फरवरी की दरमियानी रात कृष्णा घाटी सेक्टर में हुई। इस कार्रवाई का समय ऐसा था जब पाकिस्तान ह्यकश्मीर एकजुटता दिवसह्न मना रहा था, जो भारत विरोधी प्रचार का हिस्सा माना जाता है।

दरअसल सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) की घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया। बीएटी विशेष रूप से सीमा पार हमलों के लिए बनाई गई इकाई है। सेना ने घात लगाकर इस हमले को नाकाम कर दिया। मारे गए आतंकियों में से कुछ अल बद्र संगठन से जुड़े हो सकते हैं। यह संगठन पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूहों में से एक है, जो भारतीय क्षेत्र में हिंसा फैलाने की कोशिश करता रहता है। इस घटना के पहले ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करने की इच्छा जताई थी। हालांकि, इसी दौरान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (ढङ्गङ) में जैश-ए-मोहम्मद (खीट) और लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) जैसे आतंकी संगठनों के कमांडरों की बैठक भी हुई, जिससे पाकिस्तान की कथनी और करनी का अंतर साफ हो गया। भारत हमेशा से स्पष्ट कर चुका है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश का अभिन्न हिस्सा हैं और पाकिस्तान से अच्छे संबंध तभी संभव हैं जब आतंक और हिंसा पूरी तरह खत्म हो। बता दें कि 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक और व्यापारिक संबंध लगातार खराब हुए हैं। हाल के महीनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है, जिनमें अब तक 44 लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें 18 सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। भारत की ओर से यह साफ संदेश दिया गया है कि वह अपनी सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देता रहेगा।

भाजपा विधायक हार्दिक पटेल को बड़ी राहत, गुजरात सरकार ने वापस लिया राजद्रोह का केस

अहमदाबाद, 07 फरवरी (एजेंसी)। गुजरात बीजेपी के विधायक हार्दिक पटेल (31) को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने हार्दिक पटेल और अन्य के खिलाफ दर्ज राजद्रोह में मामले को वापस ले लिया है। पाटीदार अनामत आंदोलन के दौरान हार्दिक पटेल और उनके साथियों के खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज हुआ था। आंदोलन के बाद हार्दिक पटेल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2022 गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले हार्दिक पटेल बीजेपी में शामिल हो गए थे। हार्दिक पटेल वर्तमान में अहमदाबाद जिले की वीरमगाम से विधायक हैं। गुजरात में पाटीदार अनामत आंदोलन साल 2015 में हुआ था। इसके बाद राज्य की मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल को कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। 2017 में विधानसभा चुनावों में बीजेपी इसी आंदोलन की वजह से सिर्फ 99 सीटें जीत पाई थी।

राज्य सरकार के फैसले पर हार्दिक पटेल ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि गुजरात में हुए पाटीदार आंदोलन के दौरान मेरे समेत समाज के अनेक युवाओं पर लगे गंभीर राजद्रोह समेत के मुकदमें आज भूपेंद्र भाई पटेल की सरकार ने वापिस लिए है। मैं समाज की ओर से गुजरात की भाजपा सरकार का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। पाटीदार आंदोलन से गुजरात में बिन आरक्षित वर्गों के लिए आयोग-निगम बना, 1000 करोड़ की युवा स्वावलंबन योजना लागू हुई और देश में आर्थिक आधार पर स्वर्णों को 10 फीसदी आरक्षण का लाभ मिला हैं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित भाई शाह और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल पुनः दिल की गहराई से आभार व्यक्त करता हूं। 20 जुलाई 1993 को जन्में हार्दिक पटेल बी कॉम की डिग्री ली है। वह अक्टूबर 2012 में सरदार पटेल ग्रुप से जुड़ गए थे। इसके बा वह एसपीजी की वीरमगाम यूनिट के अध्यक्ष बन गए थे। 2015 में हार्दिक पटेल को मतभेदों के बाद एसपीजी प्रमुख ने निकाल दिया था। हार्दिक पटेल ने गुजरात पाटीदार अनामत आंदोलन को लीड किया था।

एसडीएम ने सरकारी भूमि पर हुआ कब्जा बुल्डोजर से ध्वस्त कराया

मीरापुर, 07 फरवरी (बु.)। मुकल्लमपुरा में तालाब व रास्ते की सरकारी भूमि पर कब्जा कर प्लाट काटकर बनाई गई कालोनी की सूचना पर एसडीएम ने मौके पर पहुँचकर भूमि की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा ध्वस्त करा दिया। एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने बताया कि गांव कैथोड़ा के माजरा मुकल्लमपुरा स्थित खसरा संख्या 618 भूमि तालाब में दर्ज है। भूमि की पैमाईश कराई गई, तो आशियाना नामक कॉलोनी में तालाब, रास्ता व कल्लर की ढ़ाई बीघा भूमि पर भराव कर प्लॉटिंग में शामिल कर लिया गया था। एसडीएम ने तहसीलदार सतीश चंद बघेल, नायब तहसीलदार अजय सिंह, राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा व लेखपाल ओमबीर को साथ लेकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया तथा जेसीबी के माध्यम से तालाब की खुदाई प्रारम्भ कराई। वहीं एक अन्य प्लॉटिंग खसरा संख्या 845 महामाई देवी स्थान को भी अवैध प्लॉटिंग में शमिल कर लिया गया था। टीम ने बुल्डोजर की मदद से उक्त स्थान को भी कब्जामुक्त कराया। एसडीएम ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने वाले भूमाफियाओं के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराने के निर्देश दिए हैं।

तारीख पर आई बेगम को शौहर ने दे दिया तलाक

मुजफ्फरनगर, 7 फरवरी (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र की कलीम कॉलोनी निवासी रुखसार का निकाह लगभग चार साल पहले 10 सितम्बर 2020 को शाहनवाज निवासी मीरापुर के साथ हुआ था। रुखसार का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करते थे। रुखसार के परिवार के लोगों द्वारा उसके शौहर शाहनवाज व उसके परिजनों को समझाने-बुझाने का कई बार प्रयास किया गया, मगर शाहनवाज व उसके परिवार के लोग नहीं माने। इसी बीच उसने एक बेटी को भी जन्म दिया। 26 नवम्बर 2023 को रुखसार के साथ उसके शौहर ने खूब मारपीट की, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो शौहर के पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ। दहेज उत्पीड़न का यह मामला परिवार न्यायालय में पहुंचा। दहेज उत्पीड़न के चल रहे मामले में 3 फरवरी को मुकदमे की तारीख पर रुखसार पहुंची तो आरोप है कि वहां पहुंचे शौहर ने फिर उसके साथ मारपीट की और तलाक-तलाक-तलाक कहकर वहां से चला गया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी के आदेश पर थाना सिविल लाइन में आरोपी शौहर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को दो साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 7 फरवरी (बु.)। एडीजीसी विनय कुमार अरोरा व मनमोहन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने भाई के साथ 6 जून 2018 को दवाई फैक्ट्री से काम कर वापस लौट रही थी, तभी दुकान पर खड़े आरोपी राजन निवासी मलीरा ने युवती के साथ छेड़छाड़ की तो युवती ने राजन का विरोध किया तो वह वहां से चला गया। इस मामले में शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी थी तथा पुलिस ने आरोपी को जेल भी भेज दिया था। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट नं. 2 के न्यायाधीश अंजनि कुमार सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आज आरोपी राजन निवासी मलीरा को दो साल की सजा व पांच हजार रुपये के आर्थिक दण्ड से दण्डित किया।

कुवैत से लौटी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

मुजफ्फरनगर, 7 फरवरी (बु.)। उत्तराखण्ड के हरिद्वार जनपद के मंगलौर निवासी खुर्शीदा का विवाह वर्ष 2011 में न्याबूहसन उर्फ गुड्डू निवासी बिलासपुर थाना नई मण्डी के साथ हुआ था। बताया जाता है कि खुर्शीदा का पति गुड्डू इस समय खालापार के मौहल्ला कृष्णापुरी में रह रहा है और खुर्शीदा पिछले सात वर्षों से कुवैत में स्थित एक मदरसे में खाना बनाने का काम करती है, जहां उसकी एक और बहन व बहनोई भी साथ ही नौकरी करते हैं। पांच दिन पहले खुर्शीदा की भाभी की मौत हो गयी और वह मौत में शामिल होने के लिए आई। गुरूवार सुबह वह चारपाई पर मृत पड़ी मिली। ससुराल पक्ष के लोग खुर्शीदा के शव को लेकर बिलासपुर पहुंचे, जहां उन्होंने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा प्रदर्शन किया। सूचना पर नई मण्डी पुलिस पहुंची तो मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने महिला खुर्शीदा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि खुर्शीदा को गुरूवार की रात वापस कुवैत ही लौटना था। इस मामले में थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

नोएडा के गार्डन गैलेरिया मॉल के पास कार चालक ने छात्रों समेत 5 लोगों को रौंदा

नोएडा, 07 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में बड़े हादसे की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि गार्डन गैलेरिया मॉल की पार्किंग से बाहर आ रही कार ने 5 लोगों को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायलों में तीन छात्र समेत पांच लोग शामिल हैं। साथ को नोएडा सेक्टर 27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद कार चालक बूम बैरियर तोड़ कर फरार हो गया, जिसके नशे में होने की संभावना जताई जा रही है। गुरुवार की रात 1 बजे के करीब पांच लोग गार्डन गैलरिया मॉल के अंदर एक रेस्टोरेंट से खाना खाकर पैदल चलकर पार्किंग की तरफ जा रहे थे। इसमें तीन स्टूडेंट थे। इस दौरान एक नोएडा नंबर की एक ही एक तेज रफ्तार कार वहां और उसने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक बूम बेरियर तोड़कर वहां से फरार हो गया। घायलों की पहचान एमलान भौमिक(25), प्रिया (22) ,अंश भारद्वाज (25), अभिषेक और विनय के रूप में हुई है। सभी सर नोएडा के ही अलग-अलग सेक्टर के हैं। एमलान भौमिक, प्रिया ,अंश भारद्वाज एमिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। मामले में सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज किया गया है।

नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती

मुंबई 07 फरवरी (वार्ता) भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगभग पाँच वर्षों में पहली बार रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करने और मौद्रिक रुख को 'तटस्थ' रखने का शुक्रवार को निर्णय लिया जिससे होम लोन, कार लोन और अन्य लोन के सस्ते होने की उम्मीद जगी है। लगातार ग्यारहवीं बैठक में बेंचमार्क रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के बाद केंद्रीय बैंक ने आर्थिक विकास की गति कम होने और मुद्रास्फीति के अपने 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुँचने के संकेतों के बारे में बढ़ती चिताओं के बीच दरों में कटौती की। रिजर्व बैंक ने लगभग पाँच वर्षों में पहली बार बेंचमार्क दरों में कटौती की। इससे पहले कोरोना के दौरान मई 2020 में रेपो दर में 40 आधार अंकों की कटौती करके इसे 4 प्रतिशत किया गया था। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की मौद्रिक नीति की छठी और अंतिम तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के अनुरूप है। समिति ने सर्वसम्मति से दरों में कटौती करने और रुख को बनाए रखने का निर्णय लिया। उन्होंने कही कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच समिति ने सर्वसम्मति से बेंचमार्क नीति दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें पहली तिमाही 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 7 प्रतिशत, तथा तीसरी और चौथी तिमाही 6.5 प्रतिशत रहेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें चौथी तिमाही में इसके 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। अगले वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताते हुये उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 4.0 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रह सकती है।

शिक्षकों का एक हुक्का पीने का वीडियो वायरल

चरथावल, 07 फरवरी (बु.)। एक शिक्षण संस्था में कुछ शिक्षकों का एक हुक्का पीने का वीडियो वायरल हो गया। विभाग ने जांच पड़ताल की। चरथावल के रोहाना मार्ग पर एक इंटर कॉलेज है। महीनों पुराना एक वीड़ियो सोशल मीडिया वायरल हुआ। इस वीडियो में कुछ शिक्षक हुक्का पीते नजर आ रहे हैं। इसमें शिक्षकों की छवि को बदरंग करने का प्रयास किया गया, लेकिन जांच पड़ताल में वीडियो की हकीकत अलग सामने आई। बताया कि वायरल वीडियो काफी पुराना है। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया विद्यार्थियों को धुमपान के दुष्परिणामों को बताने के लिए नाटक किया जाना था। उसी का रिहर्सल शिक्षक करा रहे थे। उन्होंने स्वयं वीडियो बनाकर छात्रों की तैयारी कराने के लिए बनाई थी। हालांकि बाद में यह नाटक नहीं कराया गया। इस संबंध में जिला विद्